# महानगर कांग्रेस ने एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश सिंह के नेतृत्व में तहसील परिसर में किए गए प्रदर्शन के उपरांत मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल पर एफआईआर में उनका नाम जोड़ने और मंत्री पद से बर्खास्त करने की मांग को लेकर राज्यपाल को उपजिलाधिकारी ऋषिकेश के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया।
गुरुवार को तहसील परिसर में किए गए प्रदर्शन के उपरांत प्रदेश सचिव मदन मोहन शर्मा और पार्षद शकुंतला शर्मा ने कहा कि ऋषिकेश के स्थानीय निवासी के साथ मंत्री प्रेमचंद ने मारपीट की। यह बहुत ही निदंनीय घटना है। अगर आम नागरिकों के साथ भाजपा सरकार के मंत्री इस तरह के कृत्य करते रहेगें, तो इन्हें



अपने पद पर बने रहने का कोई अधिकार नही है।
पूर्व में विधानसभा में बैकडोर भर्ती घोटालों में भी इनकी संलिप्ता रही है। इस पर भी कोई कार्रवाई नही हुई थी। कांग्रेस ने राज्यपाल से मांग की है कि मंत्री अग्रवाल को मंत्री पद से बर्खास्त किया जाए और उक्त घटना की निष्पक्ष न्यायिक जांच के आदेश दिये जाए ताकि दोषी को सजा मिल सके।
पूर्व प्रदेश सचिव विमला रावत और कमलेश शर्मा ने कहा कि पुलिस द्वारा सुरेंद्र सिंह नेगी के द्वारा मंत्री, पीआरओ, गनर के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज की गई, लेकिन पुलिस ने एफआईआर में केवल पीआरओ और अन्य लिखा है जो सरासर गलत है ।
ज्ञापन देने में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राकेश सिंह, कांग्रेस नेता जयेन्द्र रमोला, महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीलम तिवारी, अरविंद जैन, प्रदीप जैन, पार्षद भगवान सिंह पंवार, पार्षद शंकुतला शर्मा, कमलेश शर्मा, सावित्री देवी, करम चन्द, एडवोकेट विजय राणा, एडवोकेट नरेंद्र रांगड़, आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# समलैंगिकता विवाह हैं मानसिक विकृतिः डॉ शास्त्री

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी में उच्च शिक्षण मंच द्वारा समलैंगिक विवाह आधुनिकता या अभिशाप पर चिंतन एवं मनन किया गया। जिसमें समलैंगिक विवाह के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान को लेकर मौन जुलूस निकाले जाने और राष्ट्रपति को हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।
अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मां मनसा देवी ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज की अध्यक्षता में पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।
अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मां मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमंहत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि आज समलैंगिक विवाह गंभीर परिणामों की ओर संकेत करता है। ऐसा विवाह केवल परिवार और समाज के अस्तित्व के लिये संकट पैदा करेगा। देश की मान्यताओं,



संस्कृति और प्रकृति को बदलना सामाजिक परिपाटी के लिये उचित नहीं है। मेरा सुप्रीम कोर्ट और केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि भारतीय समाज को संरक्षित करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें।
मुख्य वक्ता के रूप में उत्तराखंड संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिनेश चंद्र शास्त्री ने कहा कि वेदों में परिवार संस्था को ईश्वर प्रदत्त बताया गया है। सांस्कृतिक विकास बिना परिवार के सभवं नहीं है। मातृ ऋण, पितृ ऋण और देवऋण परिवार के माध्यम से पूरे होते हैं। समलैंगिक विवाह मानसिक विकृति है, जो मात्र यौनाचार है। इसका परिणाम दुःख और पतन है।
पतंजलि विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. महावीर अग्रवाल ने कहा कि जिस महान भूमि पर राम, कृष्ण जैसे अवतारी पुरुष हुए वहां बड़े दुर्भाग्य की बात है कि समलैंगिक विषय पर चर्चा करनी पड़ रही है। अगर हमारे न्यायाधीश न्याय के स्थान पर ऐसे विकृत विषयों को बढ़ावा देगें तो समाज का नैतिक पतन होगा।

# बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
निजमुला मोटर मार्ग पर बुधवार की देर रात्रि गाडी गांव से चार किलोमीटर आगे एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर ढाई सौ मीटर नीचे खाई में जा गिरा, जिससे वाहन में सवार तीन लोगों में से एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये है।
घटना की सूचना मिलने पर चमोली कोतवाली पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंच कर घायलों को रेस्क्यू कर जिला चिकित्सालय गोपेश्वर पहुंचाया। बताया जा रहा है कि ये लोग एक शादी समारोह से रात्रि में वापस लौट रहे थे।



वर्चुअल थाना गोपेश्वर के अनुसार बुधवार की देर रात्रि को शादी समारोह से वापस लौट रहे लोगों का बोलेरो वाहन संख्या यूके07 टीडी 1726 अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा, जिससे वाहन में सवार तीन लोगों में से एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए हैं।
घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली चमोली से पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर मृतक और घायलों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। इसके बाद घायलों को जिला चिकित्सालय लाया गया। वहां पर उनका उपचार चल रहा है।
घायलों में 23 वर्षीय प्रदीप चन्द पुत्र शेरी लाल निवासी ग्राम निजमुला, 19 वर्षीय सचिन पुत्र भवानु लाल निवासी रामणी शामिल हैं जबकि मृतक का नाम 48 वर्षीय शिवेन्द्र कुमार पुत्र शेरी लाल निवासी गंगोल गांव है।

# धोखाधड़ी और गबन करने वाला आया पुलिस गिरफ्त में

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने धोखाधड़ी से ग्राहकों से लोन की किश्तें प्राप्त कर ग्राहकों के लोन अकाउंट में जमा ना कर धोखाधड़ी कर ग्राहक और बैंक से करीब पौने दो लाख का गबन करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है। बीती 22 जुलाई 22 को सुनील कुमार पुत्र धर्मपाल निवासी शाखा प्रबंधक श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड आर्य नगर ज्वालापुर हरिद्वार ने कंपनी के कर्मचारी अतुल कुमार शर्मा पुत्र नन्दलाल शर्मा निवासी सब्जीसाथ धोखाधड़ी करने और पैसों के गबन का आरोप लगाते हुए ज्वालापुर कोतवाली में तहरीर दी थी।

# गोकशी मामले में पिता गिरफ्तार फरार पुत्र की तलाश जारी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कोतवाली लक्सर क्षेत्रांतर्गत ग्राम रणसुरा में गौ संरक्षण स्वाड और पुलिस टीम को गौकशी की सूचना मिली। पुलिस ने सूचना पर कार्रवाई करते हुए छापा मारकर एक आरोपित को धर दबोचा, जबकि दूसरा फरार होने में कामयाब रहा।
पुलिस ने आरोपित के पास से गौमांस, कटान के उपकरण और नकदी बरामद की है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है। जबकि फरार की तलाश में पुलिस जुटी है।
पुलिस टीम को कोतवाली लक्सर क्षेत्रांतर्गत ग्राम रणसुरा



के एक घर में गौकशी की सूचना मिली। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने छापा मारकर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरा फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम अब्दुल लतीफ उर्फ खालिक निवासी ग्राम गढ़ी संघीपुर कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया। जबकि उसका बेटा आरिफ फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस टीम ने आरोपित के कब्जे से गोकशी के उपकरण और लगभग 48 किलोग्राम गौमांस, 3260 रुपये बरामद किये। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है। जबकि फरार पुत्र की तलाश में जुटी है।

## न्यूज फ्लैश

### मिलिए अनामिका खन्ना से एक प्यारी माँ जो एमेजॉन इंडिया में अपना कॅरियर बनाकर कर रही कामयाबी हासिल

**देहरादून।** मदर्स डे माताओं और मां की ही तरह देखभाल करने वाली दूसरी महिलाओं का सम्मान करने का एक विशेष दिन होता है जो जीवन को आकार देती हैं और घर तथा परिवार की देखभाल करने के लिए अथक रूप से कार्य करती हैं। आज की तेज भागम-भाग वाली दुनिया में मांए घर की देखभाल करने के साथ-साथ आजीविका की जिम्मेदारियों को भी सँभालती हैं वे न केवल कार्य के प्रति अपना सर्वश्रेष्ठ परिश्रम करती हैं बल्कि अपने परिवार को बनाने एवं उसे बढ़ाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर देती हैं यहाँ हम एमेजॉन में नॉर्थ अमेरिका पेरोल के लिए चेंज लीडर और सिंगल मदर अनामिका खन्ना की कहानी के बारे में बता रहे हैं जो समान जोश और समर्पण के साथ दोनों उत्तरदायित्व निभा रही हैं वे एमेजॉन में उन हजारों कर्मचारियों में से एक हैं जिन्होंने एमेजॉन की बेहतरीन संस्कृरति अनूठे प्रोग्राम्स और फायदों का प्रचार किया है साथ ही वे उन सुविधाओं का भी प्रदर्शन करती हैं जिसे एमेजॉन अपने ग्राहकों, कर्मचारियों एवं समुदायों के लिए संभव बनाता है।

### एचडीएफसी बैंक का प्रमुख लक्ष्य भारत का पसंदीदा बैंकिंग भागीदार बनना

**देहरादून।** एचडीएफसी बैंक, भारत का प्रमुख निजी क्षेत्र का बैंक, बेहतर ग्रामीण जीवन को सक्षम करने के लिए आदर्श वित्तीय भागीदार बनने की कल्पना करता है। बैंक ने देश के अर्ध शहरी और ग्रामीण अंचलों (एसयूआरयू) में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने की योजना बनाई है। इस मजबूत प्रयास के एक हिस्से के रूप में अधिक से अधिक शाखाओं को ब्रांच नेटवर्क में जोड़ने और इस बाजार वर्ग के लिए कस्टमाइज्ड उत्पादों को लॉन्च करने का इरादा रखता है। बैंक इन स्थानों पर चालू वित्त वर्ष में 675 से अधिक शाखाओं को जोड़ने की तैयारी कर रहा है ताकि शाखाओं की कुल संख्या 5000 के करीब हो जाए। 31 मार्च, 2023 तक, बैंक की कुल 7821 शाखाओं में से 52 प्रतिशत अर्ध शहरी और ग्रामीण अंचलों (एसयूआरयू) में थीं। अरविंद वोहरा, ग्रुप हेड, रिटेल ब्रांच बैंकिंग ने कहा कि एक बैंक के रूप में हमारा मानना है कि भारत कल के भारत के लिए महत्वपूर्ण है और ग्रामीण जीवन में सुधार भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए महत्वपूर्ण है। हमारे अद्वितीय ग्राहक जुड़ाव मॉडल और अर्ध-शहरी और ग्रामीण भौगोलिक क्षेत्रों में ग्राहकों के लिए अलग-अलग ऑफर्स बैंक को ग्रामीण जीवन को समृद्ध बनाने के लिए एक आदर्श भागीदार की भूमिका निभाने की स्थिति में लाते हैं।

# वाई-20 सम्मेलनः भारत युवाओं का देश है, जिनमें नेतृत्व की क्षमता है : रेखा

**-सम्मेलन में देश-विदेश के ढाई सौ प्रतिनिधि कर रहे हैं प्रतिभाग, दो दिन में होंगे 8 सत्र**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड की खेल और महिला सशक्तिकरण मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि भारत युवाओं का देश है, जिनमें नेतृत्व किए जाने की क्षमता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं के दम पर भारत को विकासशील देशों की श्रृंखला में खड़े किए जाने का संकल्प लिया है। यह बात कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने गुरुवार को भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तत्वावधान में




एम्स, ऋषिकेश में आयोजित दो दिवसीय 'यूथ -20 कंसल्टेशन इवेन्ट' सम्मेलन में कहीं। इसमें देश-विदेश के लगभग ढाई सौ प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।
मंत्री आर्या ने कहा कि भारत आज विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा है, लेकिन इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को जी-20, वाई-20 जैसे सम्मेलनों की अध्यक्षता किए जाने का मौका मिला है। यह भारत के लिए गौरव की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वैश्विक चुनौतियों से जूझते भारत को इस प्रकार के सम्मेलनों से उनका समाधान किए जाने का रास्ता निकलेगा। उन्होंने कहा कि वाई-20 युवाओं से जुड़े मामलों का समूह है, जिसमें दुनिया की 20 बड़ी और उन्नत अर्थव्यवस्थाएं अर्थात जी-20 का का प्रतिनिधित्व करती है । यह मंच वैश्विक स्तर के युवा नेताओं का वैश्विक मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाता है-
मंत्री आर्या ने कहा कि वाई-20 निश्चित रूप से हमें ऐसा मंच उपलब्ध कराता है, जहां वैश्विक स्तर के युवा नेताओं का वैश्विक मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ ही वैश्विक चुनौतियों और महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श कर स्वस्थ परिचर्चा के माध्यम से आम सहमति से अनुकूलतम निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकेगा। भारत के लिए प्रथम बार जी-20 की अध्यक्षता करना गौरव का विषय है। भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ से प्रारम्भ हुए आजादी के अमृतकाल में इस अवसर से निश्चित रूप से भारतीय लोकतंत्र को मजबूती प्राप्त हुई है। भारत सदैव से ही 'वसुधैव कुटुम्बकम' के सिद्धान्त पर आगे बढ़ता रहा है। 'वसुधैव कुटुम्बकम' की इसी परम्परा ने भारत को विभिन्न चुनौतियों का व्यवहारिक समाधान खोजने और वैश्विक समग्र कल्याण को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। उन्होंने कहा कि इसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए हम आज यहां वाई-20 संवाद सम्मेलन के लिए एकत्रित हुए हैं, यह संवाद निश्चित रूप से वैश्विक युवा नेतृत्व को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करेगा।

# मेकमाईट्रिप ने देहरादून में खोला फ्रैंचाइजी स्टोर

**देहरादून।** मेकमाईट्रिप भारत की नंबर एक ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी ने देहरादून में एक नया फ्रैंचाइजी स्टोर खोला है देहरादून का यह आउटलेट मिलाकर अब पूरे उत्तराखंड राज्य में कुल मेकमाईट्रिप के चार आउटलेट्स है भारत के 100 से भी ज्यादा शहरों में ग्राहकों की सेवा करने के इरादे से मेकमाईट्रिप अपने फ्रैंचाइजी नेटवर्क को लगातार बढ़ा रहा है यह फ्रैंचाइजी नेटवर्क उन ग्राहकों को सेवाएं देगा, जो किसी भरोसेमंद से बात करने में ज्यादा सहज महसूस करते हैं यूरोप, दुबई और थाईलैंड मुख्य तीन ऐसी विदेश घूमने की जगह हैं जिनके लिए उत्तराखंड से सबसे ज्यादा बुकिंग की गई है साथ ही केरल, गोवा, दक्षिण भारत, कश्मीर और लद्दाख जैसी भारत में कुछ पसंदीदा जगह भी हैं।

# हिमालया वैलनेस कंपनी ने तनाव प्रबंधन के लिए हिमालया अश्वगंधा का नया अभियान शुरू किया

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
आज कल की भागदौड़ भरी जिंदगी में बढ़ते तनाव को ध्यान में रखते हुए भारत के प्रमुख वैलनेस ब्राण्ड में से एक हिमालया वैलनेस कंपनी ने अब स्ट्रेस नहीं डिस्ट्रेस कीजिए नामक अभियान की शुरूआत की है। जिस्मे जीवन पे अनसुलझे तनव से होने वाले असर और इस तनाव को संभलने के प्राकृतिक तारिको को दशार्या गया है आधुनिक जीवन शैली के स्वयं के ऐसे बहुत तनाव के कारण हैं जिन पर किसी का ध्यान नहीं जाता या वह सामान्य लगते है लेकिन इनसे जो तनाव पैदा होता है वह किसी के शरीर, विचारों, भावनाओं और व्यवहार तक को प्रभावित करता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए, यह अभियान तनाव पहुँचाने वाले कुछ विशेष कारणो पर रोशनी डालता है, साथ ही दैनिक जीवन में तनाव को कम करने और अव्यस्थित तनाव को शांत करने में मदद करने के लिए हिमालया अश्वगंधा की भूमिका पर जोर देता है।
हिमालया वैलनेस कंपनी में ओटीसी व्यवसाय के प्रमुख विकास बंसी कहते हैं इस अभियान के साथ हम इस सच्चाई को उजागर करना चाहते हैं कि तनाव सबसे आम कारण है और इससे शारीरिक, भावनात्मक और व्यवहारिक परिवर्तन हो सकते हैं, जिसके परिणाम स्वरूप जीवनशैली में बहुत समस्या हो सकती है। इस एकीकृत रेडियो और डिजिटल अभियान से हिमालया अश्वगंधा और हिमालया वैलनेस कंपनी, जो प्राकृतिक स्वास्थ्य देखभाल के समाधानों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, और जो लोगों को स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने में मदद करती है इसके बारे में, जागरूकता पैदा होने की उम्मीद है । कंपनी के उत्पादों को प्राकृतिक सामग्री का इस्तेमाल कर के बनाया गया है।

# इतिहासकार गोपाल भारद्वाज ने किंग चार्ल्स तृतीय को पत्र भेजकर दी मुबारकबाद



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
ब्रिटेन में किंग चार्ल्स तृतीय की ताजपोशी शनिवार (06 मई) को होगी। पिछले वर्ष महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद ब्रिटिश सिंहासन पर पहुंचे 74 वर्षीय किंग चार्ल्स और उनकी पत्नी क्वीन कैमिला को वेस्टमिंस्टर एब्बे में आयोजित एक समारोह में ताज पहनाया जाएगा। इसको लेकर उत्तराखंड के मसूरी निवासी मशहूर इतिहासकार गोपाल भारद्वाज ने पत्र भेजकर किंग चार्ल्स तृतीय को मुबारकबाद दी है।
इससे पूर्व, मशहूर इतिहासकार गोपाल भारद्वाज ने ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के 70 साल का शासन पूरा होने पर भी पत्र के जरिए उन्हें शुभकामनाएं दी थीं। भारद्वाज ने साथ ही महारानी के निजी सचिव को पत्र लिखकर उनके पिता एवं प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य आरजीआर भारद्वाज की बनाई ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ की जन्मकुंडली की मूल कॉपी भी भेजी थी। गोपाल भारद्वाज ने बताया कि इसके लिए 22 जुलाई 2022 को महारानी के निजी सचिव ने पत्र भेजकर महारानी की ओर से उनका धन्यवाद किया था।
गोपाल भारद्वाज ने बताया कि उनके पिता ज्योतिष के प्रकांड विद्वान थे। उन्होंने ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की 20 मई 1953 में बनाई गई जन्मकुंडली में स्पष्ट कर दिया था कि उनका शासन ऐतिहासिक रहेगा।
वह शांतिपूर्ण तरीके से अपना शासन चलाएंगी और उनकी आयु भी लंबी होगी। उन्होंने कहा कि पहले भी वह महारानी को चिट्ठी लिख चुके हैं जिसका जवाब भी आया है।

# चमोली पुलिस ने पेश की ईमानदारी की मिसाल, सवा लाख रुपयों से भरा बैग यात्री को लौटाया

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली पुलिस को चारधाम यात्रा शुरू होने से लेकर अब तक यात्रियों के सहयोग में लगातार तत्परता के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए देखा जा रहा है। गुरुवार को एक बार फिर पुलिस ने अपने कार्य के प्रति सराहनीय कार्य करते हुए हनुमान चट्टी में छूटे यात्री के पैसे के बैग को उन्हें लौटा दिया।
चौकी हनुमानचट्टी में ड्यूटी पर नियुक्त आरक्षी धर्मेन्द्र, आरक्षी कुंवर और होमगार्ड सत्येन्द्र को हनुमानचट्टी मन्दिर के बाहर एक लेडीज पर्स मिला। पुलिस कर्मियों की ओर से पर्स के संबंध में आसपास पूछताछ की गयी तो काफी खोज करने पर भी पर्स स्वामी का कोई पता नहीं चल पाया। तत्पश्चात पुलिस कर्मियों ने पर्स की तलाशी ली तो उसमें एक लाख इक्कीस हजार रुपये की नकदी




और होटल की एक चाबी मिली और अन्य कोई कागजात न मिलने के कारण पर्स स्वामी की पहचान नहीं की जा सकी।
इसके बाद पुलिस कर्मियों ने होटल की चाबी के संबंध में स्थानीय लोगों और वाहन चालकों से पूछताछ की गयी तो पता चला कि यह चाबी गोविन्दघाट के एक होटल की है। पुलिस कर्मियों ने होटल स्वामी से पूछताछ कर यात्रियों के मोबाइल नम्बर लेकर जब उनसे बात की गयी तो वह पर्स बीना बहन अरविन्दभाई साधु पत्नी साधु भरत कुमार रामदास निवासी गुजरात का होना पाया गया। इसपर उन्हें चौकी हनुमामचट्टी बुलाकर पर्स सकुशल उनके सुपुर्द किया गया। बीना बहन अरविन्दभाई साधु ने बताया कि वे लोग गुरुवार की सुबह गोविन्दघाट से बदरीनाथ के दर्शन के लिए जा रहे थे तो हनुमानचट्टी में हनुमान मन्दिर के दर्शन के दौरान भूलवश उनका पर्स मन्दिर के बाहर ही छूट गया था। अपने पर्स को सकुशल पाकर बीना बहन और उनके साथियों ने चमोली पुलिस का आभार प्रकट किया।

